जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक : जीविवि/परीक्षा–2/गोप./2012/1152 दिनांक : 03/06/2012

// MOST URGENT //

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या/विभागाध्यक्ष/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अध्ययनशाला,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः– विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के (Absentees Memo) अनुपस्थित अनुक्रमांक प्रपत्र के लिफाफे उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डलों के साथ प्रेषित न करने तथा एक कक्षा की समस्त विषयों की परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् सभी (अनुपस्थित अनुक्रमांक प्रपत्र) एक साथ एक पैकेट में प्रेषित करने बावत्।

महोदय/महोदया,

विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा केन्द्रों से उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डलों को संग्रहित करने हेतु भारतीय डाक विभाग की सेवायें ली जा रही हैं। यह देखने में आया है कि परीक्षा केन्द्रों से उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डलों के साथ उस परीक्षा में अनुपस्थित परीक्षार्थियों के अनुक्रमांकों का प्रपत्र एक छोटे लिफाफे में रखकर अलग से डाक विभाग के माध्यम से प्रेषित किया जाता है, जिससे डाक विभाग द्वारा उस लिफाफे का पृथक से डाक व्यय चार्ज किया जाता है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि आप डाक विभाग के कर्मचारियों को केवल उत्तरपुस्तिकाओं के सील बण्डल प्रदान करें उनके साथ अनुपस्थित अनुक्रमांक लिफाफे प्रदान न करें। इन लिफाफों को एक कक्षा के समस्त विषयों की परीक्षा समाप्त होने के पश्चात् एक बड़े लिफाफे में रखकर एक साथ विश्वविद्यालय को प्रेषित करें, इन लिफाफों को प्रतिदिन उत्तरपुस्तिकाओं के बण्डलों के साथ प्रेषित न करें।

निर्देशानुसार तत्काल कार्यवाही कर परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म0प्र0 शासन, सतपुड़ा भवन, भोपाल।
2. अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर–चम्बल संभाग, मोतीमहल, ग्वालियर।
3. उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी वि.वि., ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के गोपनीय/निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वा0।

उप–कुलसचिव(गोपनीय/परीक्षा)